# आजा सांवरे | By Sunil Sarvottam

फरियादें अपनी लाया हूँ मैं
इस दुनिया का सताया हूँ मैं
लाज बचाने हाथ थामने
आजा सांवरे, आजा सांवरे

मैंने सुना है के तू हारे का सहारा है
डूबे हुए लाखों को तूने ही उबारा है
तूने ही उबारा है, हारे का सहारा है
हार के सबसे आया हूँ मैं
इस दुनिया का सताया हूँ मैं
हाथ थाम ले लांच बचा ले
आजा सांवरे, आजा सांवरे

तू ना सुनेगा तो फिर किसको गम सुनाएंगे
किसको हम पुकारेंगे किसके द्वार जायेंगे
किसको गम सुनाएंगे किसके द्वार जायेंगे
तक़दीर का ठुकराया हूँ मैं
इस दुनिया का सताया हूँ मैं
हाथ थाम ले लाज बचा ले
आजा सांवरे, आजा सांवरे

मेरे सारे दुश्मनो का तू ही इन्साफ कर
मेरी सारी भूलों को मेरे बाबा माफ़ कर
सारी भूल माफ़ कर मेरा इन्साफ कर
फरियादें अपनी लाया हूँ मैं
इस दुनिया का सताया हूँ मैं
लाज बचाने हाथ थामने
आजा सांवरे, आजा सांवरे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%9c%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-by/